भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 742

उत्तर देने की तारीख 7 फरवरी, 2023
18 माघ, 1944 (शक)

डाइनैमिक अस्थिमांसीय शरीर की लोचशील वाले बच्चों को खेलकूद संबंधी प्रशिक्षण

742. श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़ :
श्री मोहनभाई कुंडारियाः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ट्रैफिक सिगनलों पर और रेलगाड़ियों में भीख मांगने वाले बच्चे अपने डाइनैमिक अस्थिमांसीय शरीर की लोचशीलताओं का प्रदर्शन कर भीख मांगते हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उनको अपनाकर आरंभिक परियोजना के आधार पर जिमनास्टिक स्पर्धाओं के लिए तैयार करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसमें कितना समय लगने की संभावना है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ): एक विशिष्ट खेल विधा को बढ़ावा देना संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) की जिम्मेदारी है, जो जिम्नास्टिक के मामले में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) की है । सरकार अंतरराष्ट्रीय खेल सपर्धाओं में भारतीय जिमनास्टों के प्रशिक्षण और भागीदारी के लिए, भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करने और उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके जीएफआई के प्रयासों की पूर्ति करती है ।

जैसा कि जीएफआई द्वारा सूचित किया गया है, जिम्नास्टिक एक ऐसी विधा है जो बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है । मस्कुलोस्केलेटल लचीलापन फायदेमंद हो सकता है, लेकिन जिम्नास्टिक में क्षमता का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण पैरामीटर नहीं है, क्योंकि जिम्नास्टिक के खेल के लिए अन्य बातों के साथ-साथ शक्ति, संतुलन, तकनीक और एकाग्रता की आवश्यकता होती है । इसके अलावा, जीएफआई ने सूचित किया है कि वर्तमान में ऐसे बच्चों को जिम्नास्टिक के लिए अपनाने और तैयार करने की उसकी कोई योजना नहीं है ।

****